तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 सचिव ने जेल में मूलभूत सुविधाओं, बंदियों की ...



10 कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन और...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## सुरक्षा और घटनारहित संयंत्र के लिए नगरनार प्लांट को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रांची में आयोजित बैठक में एनएमडीसी के नगरनार स्टील लिमिटेड ने अपने उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए 16 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इस्पात सुरक्षा पुरस्कार जीते। ये पुरस्कार एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए घातक दुर्घटना रहित श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनमें यह उपलब्धियाँ शामिल हैं ।

एकीकृत इस्पात संयंत्र में 2023 और 2024 में कोई घातक दुर्घटना नहीं घटी, एकीकृत इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 2022-23 और 2023-24 में कोई घातक दुर्घटना नहीं हुई। ठेकेदार श्रमिकों से जुड़ी कोई भी घातक दुर्घटना 2023 और 2024 में नहीं हुई । जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि ये सम्मान मजबूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी और कर्मचारियों व ठेकेदार कार्यबल, दोनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शून्य हानिकारक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### प्रमुख ने सराहना करते हुए बताया, सामूहिक प्रतिबद्धता का ईनाम

**कर्मियों के लिए समर्पित**

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड अपने दुर्घटना-मुक्त रिकॉर्ड को बनाए रखने, अपनी सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों को और मजबूत करने, तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हुए अपने कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।



**इन्होंने प्राप्त किया पुरस्कार**

यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की ओर से पवन कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा), और अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) के साथ यूनियन नेताओं संतराम सेठिया, अध्यक्ष सिम्स रमेश कश्यप, सचिव सिम्स मानदास कश्यप, अध्यक्ष एसएसयू और विनयेंद्र नाथ मैथ्यूज, सचिव एसएसयू ने प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक एवं प्लांट प्रमुख एम.एन.वी.एस. प्रभाकर ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड समूह को शून्य-हानिकारक कार्यस्थल प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते सभी से उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने दोहराया कि ये उपलब्धियां सामूहिक सतर्कता, सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त पालन और संगठन के सभी स्तरों पर व्याप्त सुरक्षा संस्कृति का परिणाम हैं।

### अपराध : लकवाग्रस्त की सेवा से हलाकान रहती थी, डण्डे से वार करके की हत्या

## सौत की खातिरदारी से परेशान हो पहली पत्नी ने दूसरी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- हत्या के मामले में आरोपिया गिरफ्तार न्यायालय ने भेजा जेल

परपा थाना क्षेत्र के ग्राम पखनारचा डोंगरीगुड़ा पारा में बीती रात पहली पत्नी ने अपने ही सौत को डण्डा से मारकर हत्या कर दी। पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने पहली पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हत्या की रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी लक्ष्मण सिंग पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मो. तारिक हरीश द्वारा तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए आरोपिया को गिरफ्तार किया गया।

मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी बालसिंग कश्यप 55 वर्ष निवासी ग्राम पखनारचा डोंगरीगुडा पारा ने बताया कि उसकी दूसरी पत्नी मृतिका शांति कश्यप 45 वर्ष विगत 9 वर्ष से लकवाग्रस्त थी। लकवा बीमारी होने से वह खाट पर ही रहती थी,



शांति से कोई बच्चा नहीं हुआ था। जिसके चलते बालसिंग और झिमटी कश्यप दोनों शांति की देखरेख करते थे। इतने वर्षों से लकवाग्रस्त सौत शांति कश्यप कि देखरेख व खातीरदारी करने को लेकर झिमटी परेशान रहती थी। इसी के चलते 30 जुलाई को झिमटी कश्यप ने गुस्से में आकर शांति कश्यप ने डंडे से सिर, माथा, हाथ व पैर में वार करके हत्या कर दी। रिपोर्ट पर आरोपिया के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपिया झिमटी कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**कार्रवाई में इनकी रही भूमिका**

*त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपिया को गिरफ्तार करने में निरीक्षक मोहम्मद तारिक हरीश के अलावा एएसआई मीना यादव, अजीत सिंह, आरक्षक नीरज सिंह, महेन्द्र कोमरे, आश्वन लेरकेटा, गोबरू कश्यप, प्रकाश बडा, बालकू कश्यप, महिला आरक्षक ललिता भोई, अंजु तारम व हस्तिना की अहम भूमिका रही।*

## गंदगी फैलाने वाले दुकानदार पर कार्रवाई, चेतावनी भी दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वच्छता जागरुकता अभियान में महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान देखा गया कि एक टी-स्टॉल संचालक द्वारा दुकान के आसपास गंदगी फैलाई जा रही थी। इस पर तत्काल नगर निगम की टीम द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदार को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में दुकान के आसपास गंदगी न फैलाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने की समझाइश दी गई और यह भी बताया गया कि कचरा केवल कचरा गाड़ी में ही डालें, सड़क किनारे या नालियों में फेंकने पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर भी गंदगी पाई गई। इस पर महापौर, निगम आयुक्त ने शाखा प्रबंधक सहित पूरे स्टाफ को निर्देशित किया कि बैंक परिसर से निकलने वाले कचरे का उचित निष्पादन सुनिश्चित करें और कचरा गाड़ी में ही दें, सार्वजनिक स्थल पर कचरा न फेंकें।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, संजय विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, हरीश पारेख, पार्षदगण खगेंद्र ठाकुर, दिलीप दास, बसंती समरथ, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, झरना मोहंती, रंजीता पानीग्राही, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, डॉ. प्रदीप पांडे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### सेक्टर मीटिंग में पहुंचे सीएमएचओ बसाक



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सीएचसी नानगूर के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनार के साप्ताहिक बैठक में भाग लेने नगरनार पहुंचे। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम और बीएमओ डॉ. जेएल दरियो भी मौजूद थे। सेक्टर मीटिंग में आगामी दिनों में होने वाले स्वास्थ्य मंत्री के प्रवास के बारे में जानकारी देते हुए सभी उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सारी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने हेतु बताया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम द्वारा मलेरिया बाहुल्य क्षेत्र में निगरानी करने और मरीज के साथ लगातार संपर्क बनाए रखना हेतु कर्मचारियों को समझाइस दी गई। सेक्टर मीटिंग के उपरांत उप स्वास्थ्य केंद्र नगरनार के भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने पर पाया गया कि भवन पूर्णता जर्जर हो चुका है और वहां पर स्वास्थ्य केंद्र का संचालन संभव नहीं है, कभी भी जान माल का नुकसान हो सकता है। सेक्टर प्रभारी विकास दास को इस बारे में लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में देने के निर्देश देकर उप स्वास्थ्य केंद्र का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ही किए जाने के निर्देश दिए।

#### पूर्व विधायक रेखचंद ने मांगा समर्थन



**जगदलपुर।** बिहार की राजधानी पटना शहर के लिए कांग्रेस की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक रेखचंद जैन ने घर घर पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान बस्तर जिला महासचिव विजय सिंह एवं अमरनाथ सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मीना निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष शमीम अख्तर, अभय जायसवाल, राजकुमार, राजन जी, अनीता देवी जी, डा परवेज हसन, सुजीत कसेरा समेत रेडक्रास के अनेक सदस्य तथा कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### 87 श्रद्धालु अयोध्याधाम तीर्थयात्रा के लिए जाएंगे

**जगदलपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 5 अगस्त को जिले के 87 श्रद्धालु अयोध्या धाम तीर्थयात्रा पर रवाना होंगे। जिले के सभी श्रद्धालु बस से दुर्ग के लिए रवाना होंगे, वहीं 6 अगस्त को मध्यान्ह 12 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेंगे। अयोध्या धाम के लिए रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के 21, बकावंड विकासखंड के 15, बस्तर विकासखंड के 17, जगदलपुर विकासखंड के 10, लोहंडीगुड़ा विकासखंड के 8, तोकापाल विकासखंड के 5, दरभा विकासखंड के 7 और बास्तानार विकासखंड के 4 श्रद्धालु शामिल हैं।

## मानव तस्करी के विरोध में फूंका पुतला विहिप और बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल द्वारा मानव तस्करी व धर्मांतरण जैसे मामले को लेकर चांदनी चौक में पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छग सर्व आदिवासी समाज भी विरोध प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज करते इस मामले की निंदा की। विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने इस मामले में कहा कि सेवा की आड़ में अवैध धर्मांतरण और अवैध गतिविधियों से इन ननों को बचना चाहिए। सभी को अपने धर्म की स्वतंत्रता है, लेकिन अवैध धर्मांतरण की कतई नहीं है। इस दौरान एक मांगपत्र अनुविभागीय अधिकारी ⏭ शेष पेज 10 पर

## 28 साल से नियमित होने की बांट जोह रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सहायक आयुक्त को ज्ञापन देकर बताई अपनी व्यथा

छग लघुवेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मांगों के निराकरण किये जाने का निवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से किया गया है । उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर के आदेश के तहत 1988 के पूर्व एवं 31.12.1997 तक के समस्त विभागों के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण किया गया, परन्तु आदिवासी विकास विभाग में 1997 के पूर्व कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आज पर्यन्त तक नियमितीकरण का लाभ नहीं दिया गया है । 28 साल बाद भी नियमित नहीं किया गया है।

संघ ने नियमितीकरण करने पत्राचार भी किया जिसमें ज्योति नागेश रसोईया, छात्रावास पारापुर विकासखण्ड-लोहण्डीगुडा एवं भोली देवी रसोईया, छात्रावास दुबे उमरगांव विकासखण्ड-बस्तर में कार्यरत है। 26.03.2025 को संघ प्रतिनिधि मण्डल के साथ बैठक में शीघ्र नियमितीकरण की कार्यवाही करने की बात आपने कही थी। आपके विभाग में ⏭ शेष पेज 10 पर

## पार्श्वनाथ की निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सकल दिगंबर जैन समाज ने 23 वें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक उत्साहपूर्वक मुनिश्री 108 आगम सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मुकुट सप्तमी गुरुवार को मनाया। समाज के अध्यक्ष अनूप जैन एवं युवा मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन ने बताया पर्व उपलक्ष्य में मंदिर में आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। पूजन की चौकी एवं लाडू की सुंदर साज-सज्जा श्राविकाओं ने की। प्रातः 7 बजे मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मंदिर की तीनों वेदियों में अभिषेक-शांतिधारा की गई। ड्रेसकोड के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शामिल सदस्य हाथों में झंडा, निर्माण लाडू, चौकी, अष्ट द्रव्य की थाल, एक थाली में 16 दीपक एवं श्रीफल लिए हुए थे। शोभायात्रा के बाद मंदिर में महापूजा हुई।

### आदिवासी अंचल के ग्रामीणों को प्रलोभित कर धर्मांतरण करने का आरोप

## धर्मांतरण पर बनाया जाए कठोर कानून : पी विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं नगर पंचायत कोंटा के पार्षद पी विजय नायडू ने कहा कि धर्मांतरण पर कठोर कानून बनना चाहिए। सुकमा जिले के विकासखंड कोंटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत करीगुंडम के भोले भाले आदिवासी भाई-बहनों को प्रलोभित कर गत 3 वर्षों से लगातार धर्मांतरण का कार्य किया जा रहा है। धर्मांतरण के विरोध में पिछले 12 अप्रैल को ग्राम पंचायत करीगुण्डम में ग्रामसभा का आयोजन कर 12 परिवार को अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी किया गया था। 3 मई को इसी पंचायत में निमलगुडा गांव में धर्म परिवर्तन किए 13 परिवारों में से 6 परिवारों को अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी किया गया। जिसको लेकर उक्त बैठक में तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के पादरियो द्वारा ग्रामीणों को बरगलाकर आपस में दोनों गुटों में विवाद उत्पन्न करा दिया गया है । उन्होंने कहा कि

### वन भूमि पर अवैध रूप से किया जा रहा कब्जा



उक्त घटना को लेकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के पादरी के.पाऊल , मांडवी कुरपाराव, माड़वी दुला, पोडियम सोलमान, मांडवी मोनेश के द्वारा स्थानीय धर्मपरिवर्तन किए लोगों को लेकर जबरन इसाई धर्मांतरण के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले के ऊपर एफ.आई.आर दर्ज कराया गया है । पी विजय ने कहा, बस्तर 5 वीं अनुसूची के अंतर्गत आता है ऐसे में यहां पर किसी धर्म विशेष के बाहरी लोगों के द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का काम असंवैधानिक है। उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि इन बाहरी व्यक्तियों के द्वारा पादरी बनकर वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर चर्च बनाकर जमीन कब्जा किया जा रहा है। ग्राम मेहता,दुरमा ,सिंदूर गुंडा किस्टाराम, गोलापल्ली करीगुंडम,निमलगुडम मराई गुंडा इन क्षेत्रों में ऐसा प्रतीत होता है कि धर्मातरण के नाम पर बेंगलोर, चेन्नई शहरों तक मानव तस्करी के साथ साथ यहां के वन संपदा को भी अवैध रूप से ले जाने की आशंका है । जो जांच का विषय है। उन्होंने सम्पूर्ण मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है ।

## कांवड़ियों का चरण धोकर, पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ॐ श्री नर्मदेश्वर जननी जन कल्याण समिति द्वारा आज राजीव गांधी वार्ड स्थित शंकर मंदिर से कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। वहां पर कांवड़ियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। महापौर संजय पांडे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ियों का चरण धोकर, पुष्प वर्षा कर और तिलक लगाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, पार्षदगण खगेंद्र ठाकुर, आशा साहू, उर्मिला यादव, समिति अध्यक्ष हरकेश बहादुर सिंह तथा वार्डवासी उपस्थित रहे। इसके पश्चात श्रद्धालुओं का जत्था जयकारों के साथ दंतेश्वरी मंदिर के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्री महादेव घाट से पवित्र जल लेकर शंकर मंदिर पहुंचे थे।

# लाइन सामग्री नहीं होने से उपभोक्ताओं के साथ हो रहा विवाद

## सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं ने ईडी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

क्षेत्र के सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा लाइन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक निदेशक के नाम सहायक मुख्य अभियंता एके गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सभी वितरण केन्द्र, उप संभाग, जोन कार्यालयों में लाईन सामग्री नहीं है। जिससे लाईन सामग्री के अभाव में लाईन व्यवधान की स्थिति में तुरन्त सुधार किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, इसके चलते लाईनमेन एवं उपभोक्ताओं के साथ विवाद हो रहा है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता से भी कई बार निवेदन किया गया है, इसके बाद भी अभी तक लाईन सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाया है। इसके चलते लाईन मरम्मत, सुधार कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष व्याप्त हो रहा है एवं अनावश्यक विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे कंपनी की छवि धूमिल हो रही है। सामाग्रियों में से 11 एवं 33 केव्ही पिन इन्सुलेटर, डिस्क इन्सुलेटर, 11 एवं 33 केव्ही मेल फिमेल कांटेक्ट, कटआऊट 100, 200, 300 एम्पीयर, बैटरी चार्जर, डीटी केबल, एबी केबल आदि सामग्री नहीं मिलने से परेशानी हो रही है, इसे उपलब्ध कराया जाए। ऐसे लाईन सामग्री उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में लाईन सुधार कार्य में विलम्ब होने पर वितरण केन्द्र, उप संभाग, जोन कार्यालय प्रभारियों की जिम्मेदारी नहीं होगी, लाईन सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।



**शामिल रहे एई, जेई**

ज्ञापन सौंपने के दौरान सहायक अभियंता राजेन्द्र नेताम, नंदलाल काशी, एसआर भद्रे सहित जिले के कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### साड़ी पहनकर आई महिला परीक्षार्थी को प्रवेश से रोकना निंदनीय

**जगदलपुर।** व्यापम भर्ती परीक्षा के दौरान एक महिला परीक्षार्थी को केवल इसलिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया क्योंकि उसने भारतीय पारंपरिक परिधान साड़ी पहन रखी थी। यह घटना न केवल महिला गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह प्रशासनिक अमानवीयता और असंवेदनशीलता का भी उदाहरण है। आप की प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि साड़ी भारत की सांस्कृतिक पहचान और महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। किसी महिला को सिर्फ उसके पहनावे के आधार पर परीक्षा देने से रोकना न केवल संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन है, बल्कि यह एक महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। आप पार्टी की नेत्री तरुणा साबे ने मांग की है कि संबंधित परीक्षा केंद्र प्रभारी व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तुरंत जांच व कार्रवाई की जाए।



### गजेंद्र श्रीवास्तव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय संगठन महासचिव,राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया एडवोकेट से विचार विमर्श कर वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ ने गजेंद्र श्रीवास्तव जगदलपुर को छत्तीसगढ़ प्रान्त का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है,साथ ही इन्हें बस्तर संभाग का प्रभार भी दिया गया है।



## बस्तर अधिकार मोर्चा ने ज्ञापन सौंप कर जल्द समाधान की रखी मांग

# नगरनार स्टील प्लांट में हो रही दिक्कतों पर प्रबंधन से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



श्रेष्ठ बस्तर के लक्ष्य के साथ जनहित के मुद्दों पर आवाज बुलंद करते बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने नगरनार स्टील प्लांट के एकमात्र कमर्शियल गेट के अंतर्गत सुरक्षा, धर्म-कांटा तकनीकी खराबी के, नाम पर ट्रांसपोर्टेशन में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों के स्थाई समाधान के लिए प्रबंधन से भेंट की। उन्होंने स्टील प्लांट संचालन मापदंड के अनुसार एक से अधिक कमर्शियल गेट निर्माण व संयंत्र संचालन हेतु कच्चा माल के फाइनल प्रोडक्शन प्रोडक्ट के सुचारू ट्रांसपोर्टेशन हेतु विशेष लेन आरक्षित करने की मांग की। एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक सहित अन्य अधिकारीयों को ज्ञापन सोपा गया।

नवनीत ने ज्ञापन में ट्रांसपोर्टेशन मे आ रही व्यावहारिक दिक्कतों से अवगत कराते स्थायी समाधान की मांग रखी।

उन्होंने कहा है कि सीआईएसएफ की जटिल जांच प्रक्रिया प्लांट की तकनीकी सॉफ्टवेयर में लगातार आ रही खराबी के चलते प्लांट को अति आवश्यक कच्चा माल एवं प्लांट के द्वारा उत्पादित फाइनल प्रोडक्ट क्वाईल, पिग आयरन आदि वस्तुओं को कमर्शियल गेट से अंदर लाने एवं बाहर निकलना और धर्म कांटा से वजन करवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ियों के दस्तावेजों की जांच सीआईएसफ द्वारा मैन्युअल 8 हस्ताक्षरों से होकर गुजराती है जिसमें लगभग एक गाड़ी को प्लांट के अंदर आने में लगभग दो से तीन घटे लग जाते हैं। वही धर्म-काटा प्लांट के अंदर दो है। जिसमें तकनीकी खराबी के चलते रोज गाड़ियों को एक से डेढ़ घंटा अतिरिक्त विलम्ब का सामना करना पड़ता है जिससे ट्रांसपोर्टेशन का व्यवसाय कर रहे लोगों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

प्लांट के अंदर संचालित वेव ब्रिज की संख्या 2 से बढ़कर 6 किया जावे, ताकि गाड़ियों के आवागमन में लग रहा समय कम हो सके सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण नियुक्त कर्मचारियों को दिया जाना अनिवार्य हो। विश्रामगृह, केंटीन, शौचालय, आपातकाल चिकित्सा क्लिनिक का निर्माण किया जावे, बड़े मोरिंगा एनएमडीसी किरंदुल द्वारा संचालित क्रशिंग प्लांट में किरंदुल प्रोजेक्ट की तर्ज पर लोडिंग समय सीमा बढ़ाया जाये। ताकि रेक से कच्चा लोहा समय पर नगरनार स्टील प्लांट पहुंचाया जा सके। इस दौरान मेहताब सिंह, सुरेश नाग, हिमांशु आनंद, के आकाश जॉन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दलपत सागर से जलकुंभी हटाने का अभियान डेमो के रूप में शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

दलपत सागर से जलकुंभी हटाने के कार्य की डेमो प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ की गई । पिछले दो दिनों से महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा तकनीकी अमलों के साथ इस डेमो के माध्यम से तकनीकी प्रक्रिया और संसाधनों का परीक्षण कर रहे हैं, ताकि बड़े पैमाने पर अभियान में किसी प्रकार की बाधा न आए। नगर निगम का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पहल है, बल्कि शहरवासियों को स्वच्छ जलस्रोत उपलब्ध कराने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल्द ही इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। आज की डेमो कार्रवाई के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, विमल पाण्डे, सहित नगर निगम का तकनीकी अमला उपस्थित रहा।



# कलेक्टर ने 29 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को किया पेंशन प्राधिकार पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले में गुरुवार को 29 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को एक भावभीनी विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। कलेक्टर हरिस एस ने स्वयं उपस्थित होकर इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान कर उनके बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समारोह में कलेक्टर ने कहा कि इन कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ वर्षों तक शासकीय सेवाओं में अपना योगदान दिया है, इन सभी ने जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त साथियों को शुभकामनाएं दीं। यह विदाई समारोह न केवल उनके सेवाकाल के सम्मान का प्रतीक था, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रेरणा भी थी कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य सदैव सराहा जाता है।



# प्रशासनिक भवन परिसर में किया पौधरोपण

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के गीदम रोड स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में वृक्षारोपण महोत्सव पर छायादार, फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया। इसमें कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता थानसिंह उईके, नंद कुमार मांझी आदि शामिल रहे।



# एक तो व्यापार में मंदी, उस पर जीएसटी अधिकारियों की मनमर्जी : सौरभ

**जगदलपुर।** कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सौरभ जैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के केन्द्र में आते ही व्यापारियों को सबसे बड़ी चोट नोट बंदी से मिली, इससे जैसे-तैसे व्यापारी निकला ही था कि जीएसटी जैसे जटिल प्रक्रिया आरंभ कर दी, जिसे आज तक छोटा व्यापारी समझ नहीं सका है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद जीएसटी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को परेशान करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। जिसके मद्देनजर अंबिकापुर में बंद भी कराया गया था, उसके बावजूद प्रदेश सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। अब जगदलपुर में भी जीएसटी टीम का आतंक मचा हुआ है। टीम द्वारा दुकानों में दबिश दी जाती है, इसके अलावा गोदाम में जीएसटी नम्बर नहीं लिखे पाये जाने पर कार्रवाई भी की जाती है। अधिकारी कहते हैं कि सरकार का दबाव है और उन्हें टारगेट दिया जाता है, जिसके चलते इस तरह की कार्रवाई उनकी मजबूरी है। जैन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने व्यापारियों को छलने का काम जारी रखा है। व्यापारी वैसे ही मंदी के दौर में कारोबार को लेकर परेशान रहता है, ऊपर से सरकार के सारे नियम कायदे व्यापारियों के लिए ही बनते हैं, जिससे व्यापारी आहत है। उन्होंने कहा अगर जीएसटी टीम पर नकेल नहीं कसा गया तो शीघ्र ही कोई बड़ा आंदोलन करने के लिए व्यापारियों को मजबूर होना पड़ेगा।

# बोरी गांव में मना मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश पर मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान सातों विकासखंड में मनाया गया, जिसमें सेक्टर मंगनार एवं करपावंड में मलेरिया माह मनाया गया। इसमें ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, पुरुष एवं मितानीन द्वारा प्रत्येक घर-घर भ्रमण कर परिवार के प्रत्येक सदस्यों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। मंगनार उप स्वास्थ्य केन्द्र के सतलावंड में मनाया गया, जिसने डीएस मौर्य, प्रभा चंद्राकर, मितानीन सेवती कश्यप द्वारा मलेरिया जांच की गई। पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने भ्रमण के दौरान स्टाप डायरिया एवं मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का निरीक्षण किया गया, इस दौरान 37 घरों में भ्रमण किया गया जो संतोष जनक रहा है।


(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371



टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेजर तकनीक द्वारा



छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


**हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक


online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



।। ॐ शांति ।।

शोक संदेश



जन्मः 08.08.2003

निधनः 23/07/2025

निखिल कश्यप

अत्यंत दुख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय निखिल कश्यप का आकस्मिक निधन दिनांक 23/07/2025, दिन बुधवार को हो गया है, दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम दिनांक 01 अगस्त 2025 को गृहनिवास भानपुरी, (फरसागुडा) में रखा गया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। विधि के विधान के आगे हम सभी नतमस्तक हैं।

।। कार्यक्रम ।।
शुक्रवार, 01 अगस्त 2025
गंगा पूजा- प्रातः 10:00 बजे | दान रस्म- दोपहर 03:00 बजे
ब्रह्मभोज- दोपहर 01:00 बजे | पगड़ी रस्म- सायं 04:00 बजे

स्थान - निवास गृह ग्राम भानपुरी, फरसागुड़ा, जिला बस्तर (छ.ग.)
संपर्क-7000729442,7000258219

शोकाकुल- मनकी देवी कश्यप (दादी), दिनेश कश्यप (पिता), वेदवती कश्यप (माता) केदार कश्यप (चाचा), शांति कश्यप (चाची) एवं समस्त कश्यप परिवार।